भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 740

गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023(16 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर
****

किफायती हवाई यात्रा

740. कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देलः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में किफायती हवाई यात्रा सुविधा विस्तार करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान बुंदेलखंड क्षेत्र में हवाई यात्रा सुविधा के विकास के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क): नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को बढ़ावा देने और जनता के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की है। यह योजना, आरंभ होने की तिथि से 10 वर्ष की अवधि के लिए लागू है। "उड़ान योजना" के तहत 2 वाटर एयरोड्रोम और 9 हेलीपोर्ट सहित 76 हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 517 मार्गों पर प्रचालन आरंभ किया गया है।

(ख): बुन्देलखंड क्षेत्र की चित्रकोट, दतिया, ललितपुर, सागर, झाँसी और दमोह हवाई पट्टियाँ "उड़ान योजना" के तहत बोली लगाने और मार्गों के आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। "उड़ान योजना" के तहत उड़ानों के प्रचालन के लिए, मार्गों के आवंटन पश्चात विकास के लिए चित्रकोट, दतिया और झाँसी की पहचान की गई है। चित्रकूट हवाईअड्डे का विकास कार्य पूरा हो चुका है और लाइसेंसिंग की प्रक्रिया चल रही है। दतिया का विकास कार्य प्रक्रियाधीन है तथा झाँसी का कार्य योजनाधीन है।

"उड़ान योजना" के तहत उड़ानों के प्रचालन के लिए ललितपुर, सागर और दमोह से अभी तक किसी भी एयरलाइन से कोई वैध बोली प्राप्त नहीं हुई है।

******